# बी.सी. फार्माकेयर

## इंसुलिन पंप का फार्माकेयर कवरेज

फार्माकेयर टाइप 1 मधुमेह या इंसुलिन की आवश्यकता वाले मधुमेह के अन्य किस्मों वाले पात्र व्यक्तियों के लिए इंसुलिन पंप के लिए भुगतान करता है।

### कवरेज किसे मिल सकता है

इंसुलिन पंप कवरेज उन लोगों के लिए उपलब्ध है जो निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करते हैं:

- टाइप 1 मधुमेह या मधुमेह के किसी अन्य रूप में इंसुलिन की आवश्यकता होती है
- फेयर फार्माकेयर योजना, प्लान सी (आय सहायता), प्लान एफ (एट द होम प्रोग्राम में शामिल बच्चे) या प्लान डब्ल्यू (फर्स्ट नेशंस हैल्थ बेनिफिट्स) के अंतर्गत कवर किए गए हैं।
- जिन रोगियों के एंडोक्राइनोलॉजिस्ट या मधुमेह विशेषज्ञ द्वारा पुष्टि ले ली गई है कि वे चिकित्सा मानदंडों को पूरा करते हैं
- उनके विशेषज्ञ द्वारा विशेष प्राधिकरण कवरेज के लिए अनुरोध स्वीकृत कर लिया गया है

यदि आपके पास फेयर फार्माकेयर कवरेज नहीं है, तो आप gov.bc.ca/ahdc पर पंजीकरण कर सकते हैं

### कवरेज कैसे प्राप्त करें

अपने एंडोक्रिनोलॉजिस्ट या मधुमेह विशेषज्ञ से बात करें। यदि आप चिकित्सा मानदंडों को पूरा करते हैं, तो वे विशेष प्राधिकरण कवरेज के लिए फार्माकेयर से अनुरोध करेंगे। यदि उनका अनुरोध स्वीकृत हो जाता है, तो आपका विशेषज्ञ आपको अनुमोदन पत्र की एक प्रति देगा। जब आप अपना पंप खरीदें तो पंप निर्माता को यह पत्र प्रदान करें। अपना पंप खरीदने से पहले पत्र की प्रतीक्षा करें। फार्माकेयर अनुमोदन की पुष्टि होने से पहले की गई खरीदारी को कवर नहीं कर सकता।

### फार्माकेयर जिन पंपों को कवर करता है

फार्माकेयर ओम्निपॉड इंसुलिन मैनेजमेंट सिस्टम (इंसुलेट), या YpsoPump (Ypsomed)* के लिए कवरेज प्रदान करता है। यदि आपका एंडोक्रिनोलॉजिस्ट या मधुमेह विशेषज्ञ यह निर्धारित करता है कि ये सिस्टम आपके लिए चिकित्सकीय रूप से अनुपयुक्त हैं, तो मिनीमेड इंसुलिन पंप सिस्टम (मेडट्रॉनिक) के लिए विशेष कवरेज प्रदान किया जा सकता है।

### फार्माकेयर कितना कवर करता है

ओम्नीपॉड प्रणाली का व्यक्तिगत मधुमेह प्रबंधक बिना किसी लागत के उपलब्ध है, भले ही आपकी फार्माकेयर योजना या आपके पास कोई भी कटौती योग्य राशि हो। Ypsomed* स्टार्टर किट की आपूर्ति $800 की कीमत पर की जाती है, जो आपके फेयर फार्माकेयर डिडक्टिबल/पारिवारिक अधिकतम राशि सीमा पर लागू होती है।

ओम्नीपॉड पॉड्स और Ypsomed के इन्फ्यूजन सेट और आपूर्तियां निम्नानुसार कवर की गई हैं:

- फेयर फार्माकेयर के तहत, आप इंसुलिन पंप आपूर्ति के लिए तब तक भुगतान करते हैं, जब तक आप अपनी कटौती योग्य राशि पूरी नहीं कर लेते, फिर लागत की 70 प्रतिशत राशि का तब तक भुगतान करते हैं, जब तक आप अपनी अधिकतम पारिवारिक सीमा राशि पूरी नहीं कर लेते। इसके बाद फार्माकेयर तब लागत का 100 प्रतिशत कवर करता है
- यदि आप प्लान सी (बी.सी. आय सहायता), प्लान एफ (एट होम प्रोग्राम में शामिल बच्चे), या प्लान डब्ल्यू (फर्स्ट नेशंस हैल्थ बेनिफिट्स) के तहत कवर हैं, तो फार्माकेयर लागत का 100 प्रतिशत कवर करता है।

यदि आपको मिनीमेड पंप के विशेष कवरेज के लिए मंज़ूरी दी गई है:

- फेयर फार्माकेयर के तहत, आप इंसुलिन पंप और आपूर्ति के लिए तब तक भुगतान करते हैं, जब तक आप अपनी कटौती योग्य राशि पूरी नहीं कर लेते, फिर लागत का 70 प्रतिशत तब तक भुगतान करते हैं, जब तक आप अपनी की अधिकतम पारिवारिक सीमा राशि पूरी नहीं कर लेते। फार्माकेयर तब लागत का 100 प्रतिशत कवर करता है
- यदि आप प्लान सी (बी.सी. आय सहायता), प्लान एफ (एट होम प्रोग्राम में बच्चे), या प्लान डब्ल्यू (प्रथम राष्ट्र स्वास्थ्य लाभ) के तहत कवर हैं, तो फार्माकेयर लागत का 100 प्रतिशत कवर करता है।

* Ypsomed पंपों की उपलब्धता सीमित है।

## इंसुलिन पंप कहां से खरीदें

बी.सी. में इन फार्माकेयर-अनुमोदित विक्रेताओं में से किसी एक से अपना इंसुलिन पंप खरीदें:

- इंसुलेट कैनेडा कॉर्पोरेशन
- मेडट्रॉनिक ऑफ कैनेडा लिमिटेड
- Ypsomed AG

## फार्माकेयर कितनी बार नए पंप को कवर करेगा

फार्माकेयर हर 5 साल में एक इंसुलिन पंप को कवर करता है और मरम्मत को कवर नहीं करता। प्रत्येक उपकरण 5 साल की निर्माता वारंटी के साथ आता है। आप यह जांचना चाह सकते हैं कि क्या आपका गृह बीमा पंप की किसी भी क्षति को कवर करता है जो निर्माता की वारंटी के अंतर्गत कवर नहीं है।

## यदि आपका पंप 5 वर्ष की अवधि के बाद काम करना बंद कर देता है

यदि आपका फार्माकेयर-कवर पंप 5 वर्ष से अधिक पुराना है और मरम्मत योग्य नहीं है, तो निर्माता से संपर्क करें। अपनी वारंटी समाप्ति तिथि की पुष्टि करने वाला एक पत्र मांगें। पत्र को अपने एंडोक्राइनोलॉजिस्ट/मधुमेह विशेषज्ञ के पास ले जाएं। वे इसे फार्माकेयर इंसुलिन पंप कवरेज के लिए एक नए अनुरोध में शामिल करेंगे।

## यदि आपके पास पहले से ही एक इंसुलिन पंप है जो फार्माकेयर द्वारा कवर नहीं किया गया है

फार्माकेयर कवरेज उपलब्ध है यदि आप फार्माकेयर इंसुलिन पंप कवरेज के मानदंडों को पूरा करते हैं, आपका वर्तमान पंप 4 या अधिक वर्ष पुराना है, और निर्माता की वारंटी समाप्त हो गई है। अपनी वारंटी समाप्ति तिथि की पुष्टि करने वाले पत्र के लिए पंप निर्माता से संपर्क करें। पत्र को अपने एंडोक्राइनोलॉजिस्ट/मधुमेह विशेषज्ञ के पास ले जाएं। वे इसे फार्माकेयर इंसुलिन पंप कवरेज के लिए एक नए अनुरोध में शामिल करेंगे।

## इंसुलिन पंप की आपूर्ति

यदि आप फेयर फार्माकेयर, प्लान सी (बी.सी. आय सहायता), प्लान एफ (एट होम प्रोग्राम) या प्लान डब्ल्यू (फर्स्ट नेशंस हैल्थ बेनिफिट्स) के अंतर्गत आते हैं तो फार्माकेयर कुछ इंसुलिन पंप आपूर्ति को कवर करता है।

यह कवरेज इस बात पर ध्यान दिए बिना उपलब्ध है कि आपका पंप फार्माकेयर द्वारा कवर किया गया था या नहीं। आपको इंसुलिन पंप आपूर्ति के लिए फार्माकेयर पूर्व-अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।

कवरेज के लिए पात्र होने के लिए, आपूर्ति पंप निर्माता या फार्मेसी से खरीदा जाना चाहिए। वे फार्मानेट में दावा प्रस्तुत करेंगे। फार्माकेयर इंसुलिन पंप आपूर्ति के लिए कागजी दावे स्वीकार नहीं कर सकता।

फार्माकेयर विशिष्ट इन्फ्यूजन सेट/किट और इंसुलिन पंप रिजरवॉयर /कार्टिज को कवर करता है। फार्माकेयर बैटरी, बैटरी कैप, चिपकने वाले पैड आदि को कवर नहीं करता है।

### अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए, अपने एंडोक्रिनोलॉजिस्ट या मधुमेह विशेषज्ञ से बात करें या फार्माकेयर से संपर्क करें:
सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक और शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक

- लोअर मैनलेंड से: 604-683-7151
- शेष बी.सी. के लिय, टोल फ्री: 1-800-663-7100

### ऑनलाइन संसाधन

- फेयर फार्माकेयर के लिए पंजीकरण करें: gov.bc.ca/ahdc